**महत्वपूर्ण**

प्रेषक,

अवधेश कुमार तिवारी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ: दिनांक 30 जून, 2026

**विषयः** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (U.P.TET)-2026 में सम्मिलित होने वाले सेवारत शिक्षक अभ्यर्थियों हेतु विशेष अवकाश स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक प्रकरण में आप अवगत हैं कि उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 02, 03, व 04 जुलाई 2026 को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (U.P.TET)-2026 प्रस्तावित है, जिसमें बड़ी संख्या में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक भी अभ्यर्थी हैं।

2- इस संबंध में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त दिनांक 02, 03, व 04 जुलाई 2026 को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (U.P.TET)-2026 में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को परीक्षा की तिथि हेतु विशेष अवकाश स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शासन के उपरोक्त निर्णय के क्रम में अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-~~यथोक्त।~~

भवदीय,

Digitally signed by
AVADHESH KUMAR TIWARI
Date: 30-06-2026
13:29:56

(अवधेश कुमार तिवारी)
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. सचिव, उत्तर प्रदेश, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद-उ0प्र0।

आज्ञा से,
ह0/-
(वेद प्रकाश राय)
संयुक्त सचिव।